शेयर बाजार पर्सनल फाइनेंस इकोनॉमी बिजनेस इम्पैक्ट शॉर्ट्स देश ऑटो एग्रीकल्चर LIVE TV

लेटेस्ट न्यूज ट्रंप टैरिफ एसबीआई फंड आईपीओ Tax Hike On Petrol Diesel Q1 Results अमेरिका ईरान युद्ध Explainer टेक वीडियो फोटो

होम
लेटेस्ट न्यूज
पर्सनल फाइनेंस
शेयर बाजार
इकोनॉमी
आवाज़ पाठशाला
टेक
ऑटो
फोटो
MARKET LIVE
STORYBOARD 18
CNBC AWAAZ एंकर हब
टीवी शोज
लेखक हब
छोटे शहर, बड़े सपने

होम > शेयर बाजार > Vedanta Stock Price: वेदांता का मेगा Unlimited प्लान! अनिल अग्रवाल ने बताया -डीमर्जर के बाद हर कंपनी

# Vedanta Stock Price: वेदांता का मेगा Unlimited प्लान! अनिल अग्रवाल ने बताया -डीमर्जर के बाद हर कंपनी अब 100 अरब डॉलर...

Vedanta Stock Price: अनिल अग्रवाल ने कंपनी के भविष्य का नाम 'Vedanta Unlimited' दिया है. उनके मुताबिक आगे की पूरी रणनीति तीन 'P' पर आधारित होगी. आइए विस्तार से जानकारी देते है

By Ankit Tyagi
July 14, 2026, 5:32:25 PM IST (Updated)

Impact Shorts Big News, Made Easy

1 Min Read



वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कंपनी की 61वीं सालाना आम बैठक (AGM) में ऐसा विजन पेश किया, जिसने निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. उन्होंने साफ कहा कि वेदांता के डीमर्जर के बाद बनी पांचों कंपनियां भविष्य में 100 अरब डॉलर की कंपनी बनने की क्षमता रखती हैं.

ADVERTISEMENT
Ad

फोटो गैलरी

E20 Petrol Case: इं
पेट्रोल से खराब हुई का
कंज्यूमर कमीशन के अ
Jul 16, 2026 8:58 PM

Stocks to watch fo
शुक्रवार को इन 10 से ज
स्टॉक्स पर रखें नजर, ब
Jul 16, 2026 8:12 PM

Q1 Results: शानदार
तिमाही के नतीजे, मुनाप
और कमाई में 37% की
Jul 16, 2026 5:24 PM

Upcoming E
03 AUG RBI MP
ECONON

Currency

| Currency | Price |
|---|---|
| Dollar-Rupee | 95. |
| Euro-Rupee | 109. |
| Pound-Rupee | 127. |

ADVERT

You May Like

Help him! An eye t
his childhood.
Donate For Health

Help her! Spinal in
future.
Donate For Health

The cost of hearin
might surprise you
Hearing Aids

If You Eat Ginger E
Month This is Wha
Travel Sent

उन्होंने शेयरधारकों से कहा, एक साल पहले आप एक ही कंपनी के शेयरधारक थे. आज आपके पास पांच अलग-अलग कंपनियों में निवेश का मौका है. दुनिया में बहुत कम ऐसे कॉरपोरेट बदलाव हुए हैं, जिन्होंने शेयरधारकों के लिए इतने बड़े अवसर पैदा किए हों. और हमें लगता है कि यह तो सिर्फ शुरुआत है."

You May Like

Vedanta Share Price: दिल्ली हाईकोर्ट से मिली ₹950 करोड़ की राहत के बाद Vedanta Group की इस कंपनी के शेयर 5% उछले, पढ़िए पूरी डिटेल



US Tariff: अमेरिका के 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ का भारत ने किया सख्त विरोध




विंबलडन देखने पहुंचे वेदांता चेयरमैन अनिल अग्रवाल, बोले- जिंदगी और बिजनेस में जीत उसी की होती है, जो हर दिन खुद को बेहतर बनाता है



Policy Change: जबरन मजदूरी से बने प्रोडक्ट्स पर सरकार का बड़ा एक्शन, 30 दिन बाद बदल जाएगा नियम



**'Vedanta Unlimited' क्या है?**

अनिल अग्रवाल ने कंपनी के भविष्य का नाम 'Vedanta Unlimited' दिया है. उनके मुताबिक आगे की पूरी रणनीति तीन 'P' पर आधारित होगी.

**Produce More यानी ज्यादा उत्पादन...** Partner Better यानी बेहतर साझेदारी... Purpose Beyond Profit यानी सिर्फ मुनाफा नहीं, बल्कि देश और समाज के लिए भी काम. उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में यही तीन सिद्धांत वेदांता की दिशा तय करेंगे.

**वित्त वर्ष 2025-26 रहा ऐतिहासिक**

अनिल अग्रवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 कंपनी के इतिहास का सबसे सफल साल रहा.

**इस दौरान कंपनी ने...**

₹1,74,075 करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व (Revenue) दर्ज किया.
₹25,096 करोड़ का अब तक का सबसे ज्यादा मुनाफा (Profit) कमाया.
₹55,976 करोड़ का रिकॉर्ड EBITDA हासिल किया.
साथ ही कंपनी का Net Debt/EBITDA Ratio 0.95 गुना रहा, जिसे पिछले 14 तिमाहियों का सबसे मजबूत प्रदर्शन बताया गया.

**अब हर कारोबार में बड़ा विस्तार होगा**

अनिल अग्रवाल ने कहा कि वेदांता अब सिर्फ मौजूदा कारोबार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कई क्षेत्रों में उत्पादन तेजी से बढ़ाया जाएगा.

जिंक और लेड-2031 तक उत्पादन बढ़ाकर करीब 30 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया

है.

चांदी-चांदी का उत्पादन दोगुना कर 1,500 टन तक पहुंचाने की योजना है.

तांबा-इस दशक के अंत तक तांबे का उत्पादन 10 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है.फेरोक्रोम-वित्त वर्ष 2027-28 तक क्षमता बढ़ाकर 5 लाख टन की जाएगी.निकेल-निकेल का उत्पादन बढ़ाकर 60,000 टन करने की योजना है.

**Suggested For You**

Why Gold Silver Price Fall Today: जानिए आज क्यों सस्ता हो गया सोना चांदी, अब आगे इन 5 कारणों से तय होगी कीमत

Polycab Stock Price: शेयर में 3.5% की गिरावट, पहली तिमाही नतीजे अच्छे फिर भी बिकवाली क्यों? आइए बताते है...

Wipro Stock Price: 42% एक्सपर्ट्स ने कहा बेचो, विप्रो का शेयर गिरकर ₹150 तक आने का अनुमान

Stocks to watch for July 17: शुक्रवार को इन 10 से ज्यादा स्टॉक्स पर रखें नजर, बाजार बंद होने के बाद आई खबरें-दिखेगा असर

Q1 Results: शानदार रहे पहली तिमाही के नतीजे, मुनाफा 67% और कमाई में 37% की उछाल, 8% चढ़कर बंद हुआ स्टॉक

### 10 महत्वपूर्ण खनिजों की खोज पर रहेगा फोकस

अनिल अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में वेदांता सिर्फ मौजूदा खनन तक सीमित नहीं रहेगी.कंपनी लिथियम, कोबाल्ट, सोना, तांबा, निकेल, मैंगनीज, रेयर अर्थ और पोटाश समेत 10 रणनीतिक खनिजों की खोज का काम तेज करेगी.उनका मानना है कि भविष्य की अर्थव्यवस्था में इन खनिजों की भूमिका बेहद अहम होगी.

### डीमर्जर के बाद बनी हर कंपनी के लिए अलग रोडमैप

**Vedanta Aluminium**

कंपनी अगले तीन वर्षों में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 60 लाख टन प्रति वर्ष करना चाहती है.साथ ही दुनिया में सबसे कम लागत पर एल्युमिनियम उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है.

**Vedanta Oil & Gas**

इस कंपनी का लक्ष्य रोजाना 5 लाख बैरल तेल उत्पादन तक पहुंचना है.इसके लिए अगले 3 से 5 वर्षों में 5 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना है.

**Vedanta Iron & Steel**

उत्पादन क्षमता 40 लाख टन से बढ़ाकर 1.5 करोड़ टन प्रति वर्ष की जाएगी.कंपनी का फोकस ग्रीन स्टील और स्पेशियलिटी स्टील पर रहेगा.

**Vedanta Power**

कंपनी 20,000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता तक पहुंचना चाहती है.अनिल अग्रवाल ने यह भी कहा कि वेदांता भविष्य में न्यूक्लियर पावर (परमाणु ऊर्जा) के क्षेत्र में भी कदम रखेगी.

**AI को बताया सबसे बड़ा पार्टनर**

अनिल अग्रवाल ने कहा कि भविष्य उन्हीं कंपनियों का होगा, जो तकनीक को तेजी से अपनाएंगी.उन्होंने कहा,"आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पूरी दुनिया के उद्योगों को बदल रहा है. तकनीक हमारी सबसे बड़ी ताकत है."

उन्होंने बताया कि कंपनी खनिजों की खोज, उत्पादन, सुरक्षा, पर्यावरण और उत्पादकता बढ़ाने जैसे हर क्षेत्र में AI और नई तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ा रही है.उनके मुताबिक लक्ष्य सिर्फ ज्यादा उत्पादन नहीं, बल्कि स्मार्ट, तेज, सुरक्षित और बेहतर संचालन है.

**सरकार को ₹62,000 करोड़ से ज्यादा का योगदान**

अनिल अग्रवाल ने कहा कि वेदांता सिर्फ कारोबार नहीं कर रही, बल्कि देश के विकास में भी योगदान दे रही है.उन्होंने बताया कि सिर्फ वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने भारत सरकार के राजस्व में ₹62,000 करोड़ से ज्यादा का योगदान दिया.वहीं पिछले 10 वर्षों में यह योगदान करीब ₹5 लाख करोड़ रहा है.

**'नंद घर' योजना का भी किया जिक्र**

AGM के दौरान उन्होंने कंपनी की सामाजिक पहल 'नंद घर' का भी जिक्र किया.उन्होंने बताया कि यह आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों का नेटवर्क अब 17 राज्यों में 15,000 केंद्रों तक पहुंच चुका है.उनके मुताबिक इस पहल में देशभर की 10 करोड़ महिलाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता है.

**"हम सिर्फ खनन नहीं कर रहे, भारत का भविष्य बना रहे हैं"**

अपने संबोधन के दौरान अनिल अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा का भी हिस्सा बन चुकी है.

उन्होंने कहा,हम सिर्फ संसाधनों के कारोबार में नहीं हैं, बल्कि भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं. अपने भाषण के अंत में उन्होंने शेयरधारकों का धन्यवाद करते हुए कहा,हमने मिलकर एक मजबूत वेदांता बनाई है. अब हम मिलकर पांच असाधारण कंपनियों का भविष्य बनाएंगे. 'Vedanta Unlimited' इसी सोच का प्रतीक है. आपका विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है."

First Published: Jul 14, 2026 4:33 PM IST

ADVERTISEMENT